**NEWS CLIPPING: 11.01.2019**

**DAINIK BHASKAR**

वाईएमसीए में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

# कार्यशाला में ई-संसाधनों के उपयोग के लिए किया प्रेरित



**फरीदाबाद.** ई संसाधन पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए।

**भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद**

जेसी बोस यूनिवर्सिटी वाईएमसीए ने शिक्षकों व शोधकर्ताओं को ई-संसाधनों के उपयोग के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ई-संसाधनों के प्रभावी उपयोग को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय की ओर से ई-संसाधनों के उपयोग के प्रति जागरूकता लाने के लिए कार्यशाला के आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला अकादमिक क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के लिए बेहद लाभकारी होती है। शोध कार्य में उनके समय की बचत भी करती है। कार्यशाला के आरंभ पर डीन (आरएंडडी) डॉ. अतुल मिश्रा ने अनुसंधान कार्यों की गुणवत्ता में सुधार के लिए अधिक से अधिक ई-संसाधनों के उपयोग पर बल दिया। पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. पीएन वाजपेयी ने यूनिवर्सिटी के पुस्तकालय का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से शोधकर्ताओं व विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान किया गया है जहां वे ई-प्रकाशकों से सीधे संवाद कर सकते हैं। संबंधित पाठ्य सामग्री को लेकर जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में इस तरह की कार्यशाला का काफी महत्व है। इस मौके पर एल्सवेयर, एब्सको व इफारमेटिक्स इंडिया के प्रतिनिधियों ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।

**NEWS CLIPPING: 11.01.2019**

## PUNJAB KESARI COM

# जागरूकता कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला को संबोधित करते हुए लाइब्रेरियन डॉ. पीएन वाजपेयी। (छाया:पंजाब केसरी)

**फरीदाबाद**, (ब्यूरो): जे सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा शिक्षकों तथा शोधकर्ताओं को ई.संसाधनों के उपयोग के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ई.संसाधनों के प्रभावी उपयोगष् को लेकर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन विश्वविद्यालय के पुस्तकालय द्वारा किया गयाए जिसमें विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं तथा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय पुस्तकालय द्वारा ई.संसाधनों के उपयोग के प्रति जागरूकता लाने के लिए कार्यशाला के आयोजन पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं अकादमिक क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के लिए बेहद लाभकारी होती है तथा शोध कार्य में उनके समय की बचत भी करती है। कार्यशाला का आरंभ डीन आरएंडडी डॉ अतुल मिश्रा के संबोधन से हुआ। उन्होंने अनुसंधान कार्यों की गुणवत्ता में सुधार के लिए अधिक से अधिक ई.संसाधनों के उपयोग पर बल दिया। इस अवसर पर सभी डीन व विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इससे पूर्वए पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ पी एन बाजपेयी ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के पुस्तकालय का विवरण प्रस्तुत किया तथा कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एल्सवेयर, एब्सको तथा इफोमेटिक्स इंडिया के प्रतिनिधियों ने भी कार्यशाला को संबोधित किया तथा साइंस डायरेक्टए मेंडेले, जेसीसीसी तथा जीगेट डिस्कवरी टूल के बारे में जानकारी दी।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 11.01.2019**

**PUNJAB KESARI**

# ‘ई-संसाधनों के प्रभावी उपयोग’ को लेकर हुई जागरुकता कार्यशाला

## ‘ई-संसाधन करते हैं शोध कार्य में समय की बचत’

फरीदाबाद, 10 जनवरी (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा शिक्षकों तथा शोधकर्ताओं को ई-संसाधनों के उपयोग के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ‘ई-संसाधनों के प्रभावी उपयोग’ को लेकर एक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन विश्वविद्यालय के पुस्तकालय द्वारा किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं तथा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय पुस्तकालय द्वारा ई-संसाधनों के उपयोग के प्रति जागरुकता लाने के लिए कार्यशाला के आयोजन पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं अकादमिक क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के लिए बेहद लाभकारी होती है तथा शोध कार्य में उनके समय की बचत भी करती है। इस अवसर पर सभी डीन व विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इससे पूर्व, पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. पीएन बाजपेयी ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के पुस्तकालय का विवरण प्रस्तुत किया तथा कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।



*कार्यशाला को संबोधित करते हुए एल्सवेयर की प्रतिनिधि गरिमा।*

पंजाब केसरी ई-पेपर
Fri, 11 January 2019
https://epaper.punjabkesari.in/c/35688065

**NEWS CLIPPING: 11.01.2019**

**HINDUSTAN**

# ई-संसाधनों के प्रयोग की बारीकियां सिखाई गईं

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में गुरुवार को शोधकर्ताओं को ई-संसाधनों का प्रयोग करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पुस्तकालय की ओर से आयोजित किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं और छात्राओं ने हिस्सा लिया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला अकादमिक क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के लिए बेहद उपयोगी है, इससे उनके शोध कार्यों में भी बचत हो सकता है। उन्होंने बताया कि कार्यों की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए ई-संसाधनों का प्रयोग पर जोर दिया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश कुमार, डीन और कई विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे।

वहीं, पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. पीएन बाजपेयी ने पुस्तकालय के विषय में जानकारी दी। उनका कहना था कि इसके माध्यम से शोधकर्ताओं तथा विद्यार्थियों को एक ऐसा मंच प्रदान किया गया है, जहां वे ई-प्रकाशकों से सीधे संवाद कर सकते हैं। इस मौके पर एल्स वेयर, एब्सको, इफोमेटिक्स इंडिया के प्रतिनिधियों ने भी कार्यशाला को संबोधित किया। इस मौके पर मुख्यवक्ता के रूप में आरएंडडी के डीन डॉ. अतुल मिश्रा मौजूद थे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

**GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)**

**NEWS CLIPPING: 11.01.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# जेसी बोस में कार्यशाला हुई

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में शिक्षकों व शोधकर्ताओं को ई-संसाधनों की उपयोगिता के बारे में प्रेरित करने के लिए जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। ई-संसाधनों के प्रभावी उपयोग विषय पर हुई इस कार्यशाला का आयोजन पुस्तकालय विभाग की तरफ से किया गया। शिक्षकों के साथ ही यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने भी कार्यशाला में हिस्सा लिया। इस मौके पर कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार, डॉ. अतुल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

**NEWS CLIPPING: 11.01.2019**

## DAINIK BHASKAR

# अनुसंधान में सुधार को ई संसाधन आवश्यक

**जासं, फरीदाबाद :** जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय में ई संसाधनों के प्रभावी उपयोग को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन विश्वविद्यालय के पुस्तकालय शाखा द्वारा किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं तथा छात्रों ने हिस्सा लिया। कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय पुस्तकालय द्वारा ई-संसाधनों के उपयोग के प्रति जागरूकता लाने के लिए कार्यशाला के आयोजन पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं अकादमिक क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के लिए बेहद लाभकारी होती है तथा शोध कार्य में उनके समय की बचत भी करती है। कार्यशाला का आरंभ डीन (आरएंडडी) डॉ.अतुल मिश्रा के संबोधन से हुआ। उन्होंने अनुसंधान कार्यों की गुणवत्ता में सुधार के लिए अधिक से अधिक ई-संसाधनों के उपयोग पर बल दिया। पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ.पीएन बाजपेयी ने कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर एल्सवेयर, एब्सको तथा इंफोमेटिक्स इंडिया के प्रतिनिधियों ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।